रांझी में मोबाइल हैक कर और लार्डगंज में गूगल-पे से लगाई चपत

साइबर ठगों का वार: शिक्षक समेत 2 लोगों के खातों से 1.88 लाख पार

जबलपुर। शहर में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में जालसाजों ने दो लोगों के बैंक खातों से कुल 1 लाख 88 हजार रुपये निकाल लिए। रांझी में एक व्यक्ति ने मोबाइल हैक होने अथवा रिमोट एक्सेस एप के जरिए फोन का नियंत्रण अज्ञात व्यक्ति के हाथों में पहुंचने की आशंका जताई है। वहीं, लार्डगंज में एक शिक्षक के बैंक खाते से गूगल पे के माध्यम से 88 हजार रुपये की रकम निकल गई। दोनों मामलों में शिकायतों के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोबाइल पर कब्जा, दो बैंक खातों से 1 लाख रुपये गायब

रांझी थाना क्षेत्र में आशीर्वाद बारात घर के पास रहने वाले 50 वर्षीय निशांत कुमार साहू ने 23 अक्टूबर को पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक, 18 अक्टूबर को अचानक उनका मोबाइल फोन हैक होने या किसी रिमोट एक्सेस एप के नियंत्रण में आने की आशंका हुई। इसी दौरान उनके यूनियन बैंक और एक्सिस बैंक के खातों से रकम निकलने के संदेश प्राप्त हुए। निशांत साहू के अनुसार, 18 अक्टूबर की शाम 5:19 बजे से 5:24 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर मोबाइल का नियंत्रण हासिल कर दोनों बैंक खातों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल एक लाख रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर रांझी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

शिक्षक के खाते से गूगल-पे के जरिए 88 हजार की हुई निकासी

साइबर धोखाधड़ी का दूसरा मामला लार्डगंज थाना क्षेत्र का है। यादव कॉलोनी में टेलीग्राफ गेट नंबर-1 के पास रहने वाले 58 वर्षीय शिक्षक शिवराज सिंह उइके ने 23 अक्टूबर की रात पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के अनुसार, 11 अक्टूबर को दोपहर करीब 12:35 बजे उन्होंने मोबाइल चलाने के लिए इंटरनेट डेटा चालू किया। इसी दौरान उनके मोबाइल पर गूगल पे के माध्यम से 88 हजार रुपये कटने का संदेश आया। बैंक खाते की जांच करने पर उन्हें पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर धोखाधड़ी कर उनके खाते से यह रकम ट्रांसफर कर ली है।शिकायत पर लार्डगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दोनों मामलों में पुलिस लेनदेन और शिकायतों से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि रकम किन खातों में ट्रांसफर हुई और दोनों घटनाओं में किसी समान गिरोह की भूमिका है या नहीं।





तीन दिन में हर वार्ड की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

आई ट्रिपल सी और आईटीएमएस की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने निगमायुक्त के सख्त निर्देश

जबलपुर। नगर निगम आयुक्त अग्रिम कुमार ने शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से दमोह नाका स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) एवं इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तकनीकी व्यवस्थाओं, मॉनिटरिंग प्रणाली और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लेकर नियमित निगरानी, जवाबदेही और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि आई ट्रिपल सी के डेटा के आधार पर तीन दिनों के भीतर प्रत्येक वार्ड की रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि सफाई एवं पेयजल संबंधी समस्याओं का आकलन कर त्वरित निराकरण किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य, पेयजल और कर्मशाला विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा वार्डवार व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने सेंटर में तैनात ऑपरेटरों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी शिफ्ट व्यवस्था और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने आईटीएमएस के माध्यम से यातायात निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संयंत्रों की कार्यप्रणाली में सुधार तथा शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि आधुनिक तकनीक, नियमित मॉनिटरिंग और विभागीय समन्वय के माध्यम से नागरिक सुविधाओं में सुधार तथा नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा, तकनीकी अधिकारी बालेंदु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बरेला के बम्हनी में भाजपा नेताओं के दो गुट भिड़े, चाकू-रॉड और डंडों से हमला, 11 घायल

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष और जनपद सदस्य के पक्ष आमने-सामने, हत्या का प्रयास और बलवा का मामला दर्ज



जबलपुर। बरेला थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी तिराहे पर पुरानी रंजिश के बीच दो पक्षों में हुआ विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर से चाकू, लोहे की रॉड और डंडे चलने से 11 लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटनाक्रम की खास बात यह है कि विवाद में आमने-सामने आए दोनों पक्षों के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़े बताए जा रहे हैं। एक पक्ष से भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रवेश पटेल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से जनपद सदस्य रामेश्वर साहू हैं, जिनकी पत्नी रानी साहू जिला पंचायत सदस्य हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान में विवाद: फिर चाकू से हमले का आरोप

बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह के अनुसार, ग्राम बम्हनी निवासी 28 वर्षीय किसान प्रवेश पटेल ने शिकायत में बताया कि वह रात करीब 8:30 बजे प्रदीप साहू की दुकान पर पहुंचा था। वहां रामेश्वर साहू, प्रहलाद साहू, लखन साहू, दिनेश साहू और उनके कुछ साथी प्रदीप साहू के साथ विवाद कर रहे थे। प्रवेश पटेल के मुताबिक, उसने रामेश्वर साहू से विवाद करने का कारण पूछा तो रामेश्वर ने कथित तौर पर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। अपना बचाव करते हुए प्रवेश ने उसे धक्का दिया, जिसके बाद आरोप है कि रामेश्वर साहू ने जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। शिकायत के अनुसार, बीच-बचाव करने पहुंचे प्रदीप साहू, दिलीप साहू, पिंकी साहू, संध्या साहू और जगदीश साहू पर भी रामेश्वर साहू, उसके भाइयों और साथियों ने रॉड व डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में जगदीश साहू के बेहोश होने की बात भी सामने आई है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 118(1), 296(बी), 115(2), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

500 रुपये के नोट से शुरू हुआ

दूसरे पक्ष की ओर से ग्राम बम्हनी निवासी 22 वर्षीय ड्राइवर राहुल झारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके अनुसार, वह रात करीब 9:30 बजे अंकित साहू के साथ प्रदीप साहू की किराना दुकान पर गुटखा लेने गया था। उसने राजश्री खरीदने के बाद 500 रुपये का नोट दिया। राहुल का आरोप है कि दुकानदार ने उसे 40 रुपये वापस किए, जबकि उसने 440 रुपये वापस मांगे। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। राहुल के मुताबिक, प्रदीप साहू ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वहां खड़े शेखर राव और प्रवेश पटेल भी मारपीट करने लगे। आरोप है कि जब रामेश्वर साहू, दिनेश साहू और प्रहलाद साहू बीच-बचाव करने पहुंचे, तो प्रदीप साहू, शेखर राव और प्रवेश पटेल ने मिलकर रॉड व डंडों से राहुल झारिया, रामेश्वर साहू, दिनेश साहू, लखन साहू और प्रहलाद साहू पर हमला कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 351(2) और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश से बढ़ा मामला

बम्हनी की इस घटना में दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश होने की बात भी सामने आ रही है। प्रवेश पटेल भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष हैं, जबकि रामेश्वर साहू जनपद सदस्य हैं और उनकी पत्नी रानी साहू जिला पंचायत सदस्य हैं। दोनों पक्षों की राजनीतिक पहचान के कारण मामला स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, पुरानी रंजिश की वास्तविक वजह क्या है और विवाद के पीछे राजनीतिक कारणों की कोई भूमिका है या नहीं, यह पुलिस जांच का विषय है। फिलहाल दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और हमले के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिए हैं। एक ही घटनाक्रम से जुड़े विवाद में दोनों पक्षों की ओर से गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद अब पुलिस के सामने घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने की चुनौती है। फिलहाल, 11 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। मामले में दोनों पक्षों की शिकायतों पर कार्रवाई जारी है और जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर सामने आ सकेगी।

जेएनकेविवि पूर्व छात्र मिलन समिति की नई कार्यकारिणी गठित

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, अधारताल, जबलपुर के पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत 24 अक्टूबर 2026 को द होटल इलाईट, उखरी तिराहा, जबलपुर में डॉ. राममिलन साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में 26 सितंबर 2026 को आयोजित पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इसके पश्चात पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में डॉ. राममिलन साहू, डॉ. एल.पी.एस. राजपूत, प्रवीण शुक्ला, राजकुमार पटैल एवं विनीत सिंह ठाकुर को दायित्व सौंपा गया। अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सरावगी, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा एवं राममजन द्विवेदी, सचिव रामकिशन पटैल, कोषाध्यक्ष आर.आर. काशीकर तथा संयुक्त सचिव सुनील कुमार राय निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोविंद प्रसाद शर्मा, सुनील शुक्ला, वीरेन्द्र कुमार चौकसे, विनोद ग्रोवर, वीरेश जैन एवं अमर सिंह ठाकुर का मनोनयन किया गया। बैठक में पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक का संचालन राजकुमार पटैल ने किया।



रात्रि 8 बजे से पहले और 10 बजे के बाद नहीं चलाये जा सकेंगे पटाखे

पटाखों की ऑनलाईन खरीद फरोख्त पर बैन

जबलपुर। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा भेजी गई जिले की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट को दृष्टिगत रखते हुये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले में ऐसे पटाखों के क्रय-विक्रय भण्डारण एवं परिवहन की गतिविधियों पर रोक लगा दी है, जिनके निर्माण में बेरियम साल्ट का इस्तेमाल किया गया हो। प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है और यह आगामी आदेश तक लागू रहेगा। जिला दण्डाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश में लड़ी में (जुड़े हुये) पटाखों तथा ऐसे पटाखों जिनकी तीव्रता विस्फोट स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो के क्रय-विक्रय भण्डारण एवं परिवहन पर भी रोक लगाई है। इसके साथ ही एण्टीमोनी लिथियम, मरकरी, आर्सेनिक, लेड, स्ट्रोनटियमक्रोमेट का उपयोग कर बनाये गये पटाखों के क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन को भी प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि पटाखों का ई-कॉमर्स अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन विक्रय तथा गैर लायसेंसी विक्रय पर भी पूर्णतः रोक रहेगी। रात्रि 8 बजे से पहले एवं रात्रि 10 बजे के बाद पटाखे चलाना भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार त्यौहार के दौरान अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्र, शिक्षण संस्थानों, माननीय न्यायालयों, धार्मिक स्थलों आदि जैसे शांत क्षेत्रों से 100 मीटर की दूर तक पटाखे नहीं चलाये जा सकेंगे। आयुध निर्माणी, पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम एवं गैस ऐजेंसी, पटाखा बाजार इत्यादि ज्वलनशील स्थानों पर भी पटाखे चलाना प्रतिबंधित रहेगा।



भाजपा कार्यकर्ता महानगर के सभी 1041 बूथों पर सुनेंगे 'मन की बात'

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्ता रविवार, 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को शहर के सभी 1041 बूथों पर सुनेंगे। कार्यक्रम प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि लोकसभा सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व मंत्री अंचल सोनकर एवं शरद जैन, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्रीकान्त साहू, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी अहलुवालिया, पूर्व महापौर प्रभात साहू एवं स्वाति गोडबोले सहित अन्य पदाधिकारी विभिन्न मंडलों और बूथों पर कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ कार्यक्रम सुनेंगे। सांसद आशीष दुबे रानी दुर्गावती मंडल में नीरज वर्मा के निवास पर तथा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सुभाष चंद्र बोस मंडल में राहुल शुक्ला के निवास पर कार्यक्रम सुनेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर आमजन के साथ कार्यक्रम सुनने की अपील की है।

सूने मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी

जबलपुर। जिले के खितौला और मझोली थाना क्षेत्रों में सूने मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी करने की दो घटनाएं सामने आई हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खितौला में 11 ग्राम सोने की चेन और 15 हजार रुपये चोरी: प्रज्ञा विहार कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय प्रभांशु पाण्डे ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर की सुबह मोहल्ले के विनय विश्वकर्मा ने उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। घर पहुंचने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के लॉकर में रखी करीब 11 ग्राम वजनी सोने की चेन, चांदी की पायल और गुल्लक में रखे लगभग 15 हजार रुपये गायब थे। अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले गए। मझोली में 70 हजार रुपये और जेवर ले गए चोर: ग्राम नन्हवारा मोहल्ला निवासी शशि शंकर तिवारी (50) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 18 अक्टूबर की रात परिवार के साथ अष्टमी पूजा के लिए अपने पैतृक गांव हथलेवा गए थे। 23 अक्टूबर की सुबह पड़ोसी ने फोन कर घर का ताला टूटने की सूचना दी।

31 जिलों से आए 3000 स्वयंसेवकों ने निकाला आरएसएस का पथ संचलन

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचलन शनिवार दोपहर जबलपुर में आयोजित किया गया। पथ संचलन में 31 जिलों से आए करीब तीन हजार स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। संचलन के दौरान संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा और फूल-मालाओं के साथ पथ संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन की शुरुआत श्रीराम कॉलेज से हुई। यहां से स्वयंसेवक अनुशासित तरीके से निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़े। संचलन दीनदयाल चौराहे से होते हुए उखरी पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग पर स्वयंसेवकों की उपस्थिति और उनके सामूहिक संचालन के चलते कार्यक्रम को लेकर लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ।



31 जिलों के स्वयंसेवकों की रही भागीदारी

इस आयोजन में 31 जिलों से लगभग तीन हजार स्वयंसेवकों के शामिल होने की जानकारी सामने आई। विभिन्न जिलों से पहुंचे स्वयंसेवकों के साथ संघ के पदाधिकारी भी संचलन का हिस्सा रहे। इतने बड़े स्तर पर स्वयंसेवकों की भागीदारी के चलते कार्यक्रम में संगठनात्मक समन्वय और अनुशासन प्रमुख रूप से दिखाई दिया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक निर्धारित मार्ग पर एक साथ आगे बढ़ते रहे। आयोजन के मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। कहीं पुष्पवर्षा की गई तो कहीं फूल-मालाओं के जरिए स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया गया। स्वागत के इन दृश्यों के बीच संचलन श्रीराम कॉलेज से आगे बढ़ते हुए दीनदयाल चौराहे और फिर उखरी तक पहुंचा।

शहर के निर्धारित मार्ग से निकला संचलन

शनिवार दोपहर आयोजित इस कार्यक्रम का मार्ग श्रीराम कॉलेज से शुरू होकर दीनदयाल चौराहे होते हुए उखरी तक निर्धारित रहा। इस दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत के नेतृत्व में संचलन निकाले जाने के कारण आयोजन पर विशेष ध्यान रहा। कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवकों के साथ संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पथ संचलन का समापन उखरी में हुआ।

पॉश कालोनी में डॉग अटैक पर आयोग ने लिया संज्ञान

जबलपुर। शहर के रामपुर एमपीईबी स्थित नयागांव हाउसिंग सोसायटी कालोनी में बड़ी संख्या में आवारा श्वानों के होने के कारण सोसायटी में रहने वाले लोगों को डर और दहशत के माहौल में रहना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि आवारा श्वान हर दिन किसी न किसी पर आक्रामक होकर अचानक हमला कर देते है, वाहनो का पीछा करते है, इनसे बचने एक बाईक सवार तो नाले में भी गिर चुका है। जिस कारण लोगों का बाहर निकलना बंद हो गया है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग को इस समस्या का ज्यादा ही सामना करना पड़ता है। रहवासी सिद्धार्थ सेठ के द्वारा संबंधितों को शिकायत भी की गई, किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के आधार पर जनहित में मामले पर संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुये, आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारो के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

महाकौशल प्रांत के युवा शिविर में जुटे 34 जिलों के 3185 विद्यार्थी

प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे ने किया प्रेरणादायी प्रदर्शनी का उद्घाटन, तीन दिवसीय शिविर का श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज में शुभारंभ

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी कार्य वर्ष के अवसर पर महाकौशल प्रांत में युवा कार्य को गति देने और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को संगठित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय महाविद्यालयीन विद्यार्थी शिविर का शुभारंभ स्थानीय श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। शिविर में महाकौशल प्रांत के 34 जिलों से कुल 3,185 महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल हुए हैं। बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता के साथ आयोजित इस शिविर को प्रांत में युवा गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है। शिविर के शुभारंभ के साथ ही महाकौशल प्रांत के प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे ने परिसर में लगाई गई भव्य एवं प्रेरणादायी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों के सामने विभिन्न विषयों से जुड़ी जानकारी और प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। प्रदर्शनी शिविर के प्रमुख आकर्षणों में शामिल है। **पूरे वर्ष चलीं तैयारियां**–राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी कार्य वर्ष के अंतर्गत आयोजित इस शिविर की तैयारी योजनाबद्ध तरीके से पूरे वर्ष की गई। इसके लिए युवाओं के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को शिविर से जोड़ने की पहल की गई। इन गतिविधियों के बाद आयोजित तीन दिवसीय शिविर में महाकौशल प्रांत के विभिन्न जिलों से विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

युवा कार्य को विस्तार देने पर जोर– महाविद्यालयीन विद्यार्थी शिविर के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना और उनके बीच संगठनात्मक गतिविधियों के प्रति सहभागिता बढ़ाना है। विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों को एक साथ लाने वाले इस आयोजन में युवाओं की सामूहिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। संघ के शताब्दी कार्य वर्ष में आयोजित यह शिविर महाकौशल प्रांत में युवा कार्य की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। तीन दिवसीय शिविर में 34 जिलों के 3,185 विद्यार्थियों की उपस्थिति आयोजन के व्यापक स्वरूप को रेखांकित करती है।



पड़ाव की माता महाकाली की विसर्जन यात्रा आज

भिटौली कुंड तक पहुंचने में लगेंगें 18 घंटे

जबलपुर।

नवीन महाकाली विकास युवा संस्था बड़ी महाकाली पड़ाव चौक गढाफाटक लिंक रोड (लटकारी पड़ाव) की भव्य काली की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस आज रविवार 25 अक्टूबर को शाम 4 बजे से प्रतिमा स्थापना स्थल से प्रारंभ होगा और जिसके विसर्जन स्थल भिटौली कुंड गौरीघाट पहुंचने में करीब 18 घंटे का समय लगेगा और दूसरे दिन 26 अक्टूबर सुबह 7-8 बजे प्रतिमा का विसर्जन हो पाएगा।

पिछले 70 वर्षों से भव्यता और आस्था व चमत्कार का इतिहास संजोए यह प्रतिमा लाखों और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। इस प्रतिमा के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विसर्जन यात्रा में 18 घंटे का वक्त लग जाता है। छोटी लाईन फाटक से गौरीघाट स्थित भिटौली कुंड तक करीब एक लाख लोग डग-डग पर पूजन-अर्चन करते हैं। लाखों की संख्या में नारियल भेंट किये जाते हैं। मां के भक्त जबलपुर में ही नहीं पूरे देश में हर साल शिर्डी सांई सेवा संस्थान द्वारा गुलाब की माला मातारानी के लिए भेजी जाती है। नागपुर से भक्तों द्वारा मखाने की माला प्रतिवर्ष आती है। जयपुर और गुजरात के लोग यहां आकर माता को चुनरी चढ़ाते हैं और उनके जूलूस में भी शामिल होते हैं।

समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक एडवोकेट अखिल राज ने बताया कि सन 1955 में प्रतिमा की स्थापना पहली बार की गई थी। उन्होंने कहा कि समिति अपने विधान के मुताबिक 13 दिन के लिए प्रतिमा की स्थापना करती है। विसर्जन जुलूस में गोरखपुर से गौरीघाट के बीच कम से कम 1 लाख लोगों का सैलाब प्रतिमा के दर्शन पूजन करने उमड़ता है। श्रद्धालु जुलूस मार्ग की स्वयं सफाई करते हैं और धुलाई करते हैं। लाखों की तादाद में नारियल फूटते है। माता का नींबू और भभूत पाने होड़ लगी रहती है। पंडा द्वारा भक्तों को दिया जाने वाला नीबू चमत्कारी होता है जिससे भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि महाकाली जबलपुर की महारानी के नाम से विख्यात हैं।

शरद पूर्णिमा पर बिखरेगी चंद्रमा की रोशनी आज चंद्रमा बरसायेगा अमृत



जबलपुर। आज शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपने पूर्ण आकार में होगा और आसमान से अमृत की वर्षा होगी। शरद पूर्णिमा को लेकर कई पौराणिक मान्यता है कि च्यवन ऋषि को आरोग्य का पाठ और औषधि का ज्ञान अश्विनी कुमारों ने दिया था। अश्विनी कुमार आरोग्य के दाता हैं और पूर्ण चंद्रमा अमृत का स्त्रोत है। यही कारण है कि ऐसा माना जाता है कि शरद पूर्णिमा को आसमान से अमृत की वर्षा होती है।

शरद पूर्णिमा की रात में घरों की छतों पर खीर आदि भोज्य पदार्थ रखने की भी मान्यता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा की अमृत बूंदे खीर में आ जाती हैं, जिसका सेवन करने से सभी प्रकार की बीमारियां दूर हो जाती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी यह देखने घूमती हैं कि कौन जाग जा रहा है, जो जागता है, महालक्ष्मी उसका कल्याण करती हैं और जो सो रहा होता है, महालक्ष्मी वहां नहीं ठहरतीं। शास्त्रों के मुताबिक शरद पूर्णिमा की रात को भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ रास रचाया था। इसलिए शरद पूर्णिमा की रात को रासलीला की रात भी कहते हैं।

वृक्षारोपण, जनसंवाद और विकास कार्यों का किया लोकार्पण



पाटन। नगर में 21 अक्टूबर को कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में वृहद वृक्षारोपण, जनसंवाद और लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वच्छ ग्राम गुरु पिपरिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड प्लांट में 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। नाग तालाब पार्क में जनसंवाद के दौरान मंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर बस स्टैंड के सामने सेल्फी पॉइंट, रेस्ट हाउस के सामने ओपन जिम, वार्ड 8 में शंकर जी के चबूतरे तथा कालीमाई मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं टीन शेड कार्य का लोकार्पण किया गया। अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह ने नगर को स्वच्छ एवं हरित बनाने में जनसहयोग की भूमिका बताई। कार्यक्रम में एसडीएम सृष्टि प्रजापति, सीएमओ जयश्री चौहान, पार्षद एवं जनप्रतिनिधि देवकुमार यादव, राकेश सिंह, देवदत्त बबेले, उदयभान सिंह, देवेंद्र यादव, वीरेंद्र गिरी, विनय अग्रवाल, प्रशांत जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सीएमओ जयश्री चौहान ने आभार व्यक्त किया।

गजल शिवहरे को कथक में मिला सम्मान



जबलपुर। राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के भव्य दीक्षांत समारोह में कथक नृत्यांगना गजल शिवहरे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने एम.ए. कथक की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान और कला जगत का गौरव बढ़ाया है। वर्तमान में गजल शिवहरे पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, एस.टी.सी., जबलपुर में नृत्य शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य की प्रारंभिक एवं गहन शिक्षा अपने गुरु श्री मोती शिवहरे जी के मार्गदर्शन में प्राप्त की। इस उपलब्धि पर गजल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपने गुरुदेव के अमूल्य मार्गदर्शन तथा माता-पिता के आशीर्वाद और तपस्या को दिया। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

लकी ड्रॉ में स्कूटी, फ्रिज और एलसीडी जीतकर झूमे विजेता



बरेला। श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, किसानी मोहल्ला सोसायटी बरेला द्वारा नवरात्र के अवसर पर लकी ड्रॉ एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में गणेश वंदना के साथ हुआ। समिति अध्यक्ष पार्षद दिनेश सिंह पटेल, संरक्षक अरविंद तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय पटेल गोलू, सुनील पटेल एवं महेश मानव ने विधायक का सम्मान किया। नरेंद्र दुबे आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार स्कूटी अनाया बानो, द्वितीय पुरस्कार फ्रिज कन्नू राकेश सेन तथा तृतीय पुरस्कार एलसीडी मुकुल राजपूत ने जीती। सुशील पटेल, विशाल रजक, प्रतिभा उपाध्याय, उत्कर्ष चौकसे, स्वाति साहू, अंशिका साहू, नमामि पटेल, सपना पटेल, कीर्ति अवस्थी एवं आशा साहू को सांत्वना पुरस्कार मिले। विशिष्ट अतिथि प्रतीक दुबे, सतीश साहू, भगवान दास साहू एवं अरविंद तोमर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य उपस्थित रहे। देवानंद उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया।

संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण, वार्डों में नागरिकों से किया संवाद



पाटन। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग, परमेश जलोटे ने नगर परिषद पाटन का भ्रमण कर विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह ने की। निरीक्षण के दौरान गुरु पिपरिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। एफएसटीपी, एमआरएफ, सीएंडडी प्लांट, कम्पोस्ट इकाइयों, नाग तालाब, पार्क, ओपन जिम, स्टेडियम, एसटीपी, पानी की टंकी, प्रस्तावित गीता भवन भूमि, सड़कों एवं कवर्ड नालियों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। संयुक्त संचालक ने नगर परिषद की विभिन्न शाखाओं के कामकाज की समीक्षा भी की। वार्ड 10, 11 एवं 12 में पीएम आवास, पट्टा और पीएम स्वनिधि हितग्राहियों तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया। पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जांच की गई। एमपीयूडीसी के स्वप्निल वर्मा, नवीन त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र सिंह को एसटीपी निर्माण समय पर पूरा करने, उपचारित जल के उपयोग हेतु कार्ययोजना बनाने तथा प्लांट परिसर में सघन पौधरोपण के निर्देश दिए गए। भ्रमण में सुरेन्द्र कुमार सारस, दिगम्बर सिरपुरकर, देवकुमार यादव, सत्यम मेहरा, दीपक जैन, शेख अमजद, राजेन्द्र सोनी, नरेश प्यासी, विकास यादव, परेन्द्र यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बकाया वसूली के लिए नगर पालिका की सख्ती, 10 दुकानें सील



सिहोरा। नगर पालिका परिषद सिहोरा ने अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने और बकाया राशि की वसूली के लिए सख्त कदम उठाए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया के निर्देशन में निकाय अमले ने बकायादार दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 दुकानों को सील किया और बकाया किराया वसूल किया। सीएमओ प्रदीप झारिया ने बताया कि नगर पालिका की दुकानों की प्रीमियम राशि 75,11,576 रुपये तथा लगभग 50 लाख रुपये किराया बकाया है। दुकानदारों को कई बार नोटिस देकर राशि जमा करने की सूचना दी गई, लेकिन कुछ ने अब तक भुगतान नहीं किया। नियमानुसार नीलामी के 120 दिनों के भीतर पूरी प्रीमियम राशि जमा नहीं करने तथा अनुबंध और किराया संबंधी शर्तों का पालन नहीं करने वालों का आवंटन निरस्त किया जा सकता है। ऐसे दुकानदारों से दुकानें खाली कराकर दोबारा नीलामी की कार्रवाई भी की जाएगी। नगर पालिका ने सभी बकायादारों से कार्यालय में उपस्थित होकर प्रीमियम राशि और बकाया किराया जमा करने की अपील की है। कार्रवाई के दौरान रवि बर्मन, संतोष तिवारी, अनिकेत तिवारी, आनंद नामदेव, संदीप श्रीवास्तव, हिमांशु कुरारिया एवं कीर्ति बर्मन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



त्वचा रोग विशेषज्ञ सम्मेलन में डॉ. राजीव सक्सेना बने प्रदेशाध्यक्ष

जबलपुर। होटल हिल्टन गार्डन इन में आयोजित त्वचा रोग विशेषज्ञों के प्रादेशिक सम्मेलन का शुभारंभ एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. नवनीत सक्सेना ने किया। डॉ. राजीव सक्सेना ने प्रदेशाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कुष्ठ रोग उन्मूलन, फर्जी चिकित्सकीय प्रैक्टिस पर रोक तथा पीजी प्रशिक्षण को सुदृढ़ बनाने को प्राथमिकता बताया। डॉ. कात्यायन मिश्रा, प्रो. कैलाश भाटिया एवं डॉ. नितिन पंडया को डर्मेटोलॉजी एक्सीलेंस अवार्ड और डॉ. एस.के. मूथा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। वैज्ञानिक सत्र में प्रो. मनीष खंडारे, डॉ. संजय दुबे, प्रो. सुशील पांडेय, डॉ. रघुनाथ रेड्डी, डॉ. योगेश झवर, डॉ. दिलीप हेमनानी, डॉ. अतुल काथेड, डॉ. अनिल सोनी, डॉ. रिपि पाराशर एवं डॉ. राजेश कुमार ने विभिन्न त्वचा उपचारों, लेजर चिकित्सा, हेयर लॉस और आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान दिए। सम्मेलन में 300 विशेषज्ञ एवं 100 पीजी रेजिडेंट शामिल हुए।

हनुमत आराधना से होगी नर्मदा परिक्रमा की मंगलकामना

कार्तिक में गूंजेगा 108 चालीसा पाठ



जबलपुर। श्री नर्मदा संकीर्तन परिक्रमा समिति के तत्वावधान में कार्तिक मास की बैकुंठ चतुर्दशी पर महर्षि गौतम आश्रम, गोपालपुर, भेड़ाघाट से आयोजित नर्मदा परिक्रमा की निर्विघ्न सफलता के लिए नवरात्रि में नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ संपन्न हुआ। समिति सचिव देवेंद्र नेमा ने बताया कि कार्तिक मास के प्रत्येक शनिवार को विभिन्न मठ-मंदिरों में संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में 108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके माध्यम से भगवान श्री हनुमान जी से नर्मदा परिक्रमा की सफलता एवं निर्विघ्न आयोजन की प्रार्थना की जाएगी। समिति अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव देवेंद्र नेमा सहित पप्पू चौबे, प्रभाकर चतुर्वेदी, के.एल. दीक्षित, शंकर नामदेव, सत्यप्रकाश नामदेव, मोहित पटेल, अमित बिश्नोई, अजय पांडे, विशाल पंड्या, अतुल पटेल, आदेश दीक्षित, अवधेश खरे एवं मोनी विश्वकर्मा सहित समस्त पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

परमहंस मां ललिता देवी की 110वीं जयंती पर सेवा और परोपकार के आयोजन

शिक्षण सामग्री, श्रीरामचरितमानस और भोजन वितरित कर बच्चों को किया प्रोत्साहित

जबलपुर।

परमहंस मां ललिता देवी की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य में परमहंस मां ललिता फाउंडेशन द्वारा त्रिदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिमरिया के बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं श्रीरामचरितमानस ग्रंथ वितरित किए गए। साथ ही बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भक्तों ने श्री अखंड रामायण का पाठ कर माता जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

फाउंडेशन द्वारा जनसेवा के अंतर्गत पौधों का वितरण तथा जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल वितरित करने का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि माता जी का जीवन समाजसेवा, परोपकार और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की सहायता करना ही आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम में फाउंडेशन की संस्थापक-संचालक श्रीमती ममता देवी गर्ग, पं. धीरेन्द्र कुमार गर्ग, सुशील श्रीवास्तव, पं. शिलांग तिवारी, पं. नारायण मिश्र, शुभम पटेल एवं आशुतोष शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विश्व पोलियो दिवस पर स्काउट्स-गाइड्स ने निकाली जागरूकता रैली



जबलपुर। विश्व पोलियो दिवस पर रोटरी क्लब द्वारा आयोजित जन-जागरूकता रैली में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के लगभग 30 सदस्यों ने सहभागिता की। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट CLAP के अंतर्गत मिशन लाइफ की स्वस्थ जीवनशैली थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता एवं पोलियो उन्मूलन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला समन्वयक राहुल राजपूत एवं किरण येवले ने आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

निधन

श्रीमती इंदो बाई रजक- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री तुलसीराम रजक की धर्मपत्नी तथा राजेंद्र, संतोष व मनोज रजक की मां श्रीमती इंदो बाई रजक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री कुंजन सिंह- तिघरा सोनपुर निवासी श्री कुंजन सिंह (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष सेन- इंद्रा बस्ती रतन नगर निवासी श्री प्रहलाद सेन के पुत्र श्री संतोष सेन (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री राजू बर्मन- पीडबल्यूडी आफिस के पास साउथ सिविल लाइन निवासी श्री राजू बर्मन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेश कश्यप- बेलबाग कश्यप मोहल्ला निवासी श्री राजेश कश्यप (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री संतोष सोंधिया- शास्त्री नगर निवासी श्री संतोष सोंधिया (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पारो विश्वकर्मा- सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री कोमल चंद्र विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पारो विश्वकर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सरदार सिंह वर्मा- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सरदार सिंह वर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मल्लू कोरी- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री मल्लू कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम सुरेश- शंकर नगर सुहागी निवासी श्री राम सुरेश (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बलिहारी कोरी- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री बलिहारी कोरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री दीपक वर्मा- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री दीपक वर्मा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सोमेंद्र जाट- कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री रतन कुमार जाट के पुत्र श्री सोमेंद्र जाट (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अतुल सोंधिया- कुदवारी अमखेरा निवासी श्री कृष्ण कुमार सोंधिया के पुत्र श्री अतुल सोंधिया (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बसंती बाई- तिलक वार्ड निवासी श्री हरि प्रसाद डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती डिंपल- नर्मदा रोड सदर निवासी श्री पूनम चंद्र की धर्मपत्नी श्रीमती डिंपल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री टीआई पुष्करण- शारदा चौक मदनमहल निवासी श्री टीआई पुष्करण (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती अनुराधा रैकवार- भानतलैया सिंधी कैंप रोड निवासी श्री बबलू रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा रैकवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नंद लाल विश्वकर्मा- बेन मोहल्ला रामपुर आजाद चौक निवासी श्री नंद लाल विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सदर में रामराज्याभिषेक, हवन-पूजन एवं शांति पाठ संपन्न



जबलपुर। श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति, सदर द्वारा रामराज्याभिषेक, हवन-पूजन एवं शांति पाठ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम का पवित्र नदियों के जल से अभिषेक कर राजतिलक किया गया। गुरु वशिष्ठ द्वारा तिलक एवं मुकुट धारण कराने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रभु का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सीताराम कुरचानिया, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी, धनंजय बाजपेयी, संदीप चौकसे, प्रणव अवस्थी, कन्हैया तिवारी, रजनीकांत अवस्थी, डॉ. शंकर पांडे, नरेश तिवारी, आदेश दीक्षित, आकाश नायडू, आशीष पाठक, सतीश पाठक, देव कुरचानिया, शिवशंकर मिश्रा, राहुल रजक, ओम प्रकाश पाठक, अभय नायडू, विजय ठाकुर, अभिषेक उपाध्याय, प्रकाश सोनी, प्रमोद सोनी, शिवदत्त चौबे, राजकुमार गुप्ता, रमन अग्रवाल, शरद शर्मा, अमरचंद बावरिया एवं सुनील महावर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। वक्ताओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को सत्य, धर्म, न्याय एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। समिति के प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेयी ने शासन-प्रशासन, पुलिस, सेना, कैंटोनमेंट बोर्ड, मीडिया एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

ईदगाह कलां में उर्स शरीफ का आगाज, आज निकलेगा चादर जुलूस



जबलपुर। रानीताल स्थित ईदगाह कलां में दो दिवसीय उर्स शरीफ का आगाज शनिवार को नमाज-ए-मगरिब के बाद महफिल-ए-मिलाद से हुआ। उर्स में शामिल होने देश-प्रदेश से जायरीन पहुंच रहे हैं। रविवार को अपराह्न 4:30 बजे आगा चौक स्थित हजरत आगा मुहम्मद साहब की दरगाह से मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी एवं हजरत मौलाना इनामुल हक कादरी बुरहानी की कयादत में चादर जुलूस निकलेगा। जुलूस रानीताल स्थित ईदगाह कलां पहुंचेगा, जहां मजार शरीफ पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा होगी। नमाज-ए-मगरिब के बाद हजरत बुरहान-ए-मिल्लत एवं हजरत मेहमूद-ए-मिल्लत का कुल शरीफ और हजरत हामिद-ए-मिल्लत की सालाना नियाज होगी। रात 9 बजे से जलसा आयोजित होगा, जिसमें देश-प्रदेश के उलमा-ए-किराम खिताब फरमाएंगे। नमाज-ए-फज्र के बाद हुजूर ईदुल इस्लाम का कुल शरीफ होगा। सालातो-सलाम और दुआ के साथ उर्स का समापन होगा। सज्जादानशीन हजरत सूफी जियाउल हक कादरी बुरहानी ने अकीदतमंदों से बड़ी संख्या में शामिल होकर फैज व बरकत हासिल करने की अपील की है।

खबर संक्षेप

मोटर साइकिल चोरी

बड़वारा। थाना क्षेत्र अंतर्गत लखाखेरा से मोटर साइकिल चोरी होने की घटना सामने आई है। शिकायतकर्ता अजय राय पिता दादूराम राय निवासी ग्राम लखाखेरा द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 21,10,2026 को कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान जो कि शासकीय स्वास्थ्य केंद्र के सामने है वहां दुकान के सामने बाइक क्रमांक एमपी 20 केएच 9443 खड़ी थी। शाम 07 बजे के लगभग अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। आवेदक ने बड़वारा थाना में लिखित सूचना देकर गाड़ी खोजने की मांग की है।

झिंझरी में पलटी बोलेरो, बड़ा हादसा टला

कटनी। झिंझरी स्थित वन विभाग कार्यालय के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार बोलेरो अचानक सड़क पर रखे एक बड़े पत्थर से टकराकर असंतुलित हो गई और जोरदार झटके के साथ सड़क किनारे पलट गई। गनीमत यह रही कि इस भीषण दुर्घटना में वाहन में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई और सभी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना की आवाज सुनते ही आसपास के स्थानीय लोग मौके पर तुरंत इकट्ठा हो गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे हुए वाहन के भीतर फंसे चालक और अन्य सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

लापरवाही पर उपयंत्री को किया निलंबित

कटनी। जर्जर भवनों को समय पर हटाने में लापरवाही बरतने तथा संबंधित कार्रवाई में उदासीनता के कारण एक बुजुर्ग की मृत्यु होने के मामले में नगर निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने वार्ड क्रमांक 27, सागर पुलिया के पास स्थित जर्जर भवन को तोड़ने की कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर उपयंत्री संजय मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, संबंधित जर्जर भवन को तोड़ने के लिए पूर्व में आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद भवन को समय पर हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। उपयंत्री द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर वस्तुस्थिति से अवगत नहीं करने को गंभीर लापरवाही मानते हुए यह कार्रवाई की गई। आदेश में उल्लेख किया गया है कि जर्जर भवन का एक हिस्सा गिरने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के मद्देनजर निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में उपयंत्री संजय मिश्रा का मुख्यालय नगर पालिक निगम कटनी निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

जहरीली पदार्थ के सेवन से दो की हुई मौत

कटनी। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत तेवरी गांव के रहने वाले सुजन चौधरी 49 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद तबीयत बिगड़ गई। परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम संकुई निवासी सूरजू लोधी 21 वर्ष ने किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी। बेहतर इलाज के लिए उसे जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों की ओर से दी गई सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

19 पाव अवैध शराब जब्त

कटनी। बड़वारा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर की शाम सूचना मिली कि ग्राम मुड़ेहरा में एक व्यक्ति अपने घर के पास अवैध रूप से देशी शराब का कारोबार कर रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को मौके से धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 19 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपी का नाम रमेश दाहिया 45 साल, बताया गया है।

विशेष संयोग मे मनेगी शरद पूर्णिमा, मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

शरदोत्सवः औषधियुक्त खीर का होगा वितरण, मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शरद पूर्णिमा के नाम से जानी जाती है। शरद पूर्णिमा व्रत को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा महोत्सव स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे आस्था व उल्लास के साथ मनाया जायेगा। तहसील क्षेत्र के मंदिरों मे सुबह से लेकर देर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, हरिदास ब्रजधाम कोहका, कौड़िया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर व खिरहनी स्थित जगदीश धाम मंदिर मे शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा। वहीं घरों व मंदिरों मे भी महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। इसके अलावा स्नानदान पूर्णिमा 26 अक्टूबर को रहेगी। शरद पूर्णिमा पर चांद अपनी पूरी 16 कलाओं से युक्त होता है।साथ ही चंद्रमा की चांदनी अमृत से युक्त होती है। इस दिन माता लक्ष्मी रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और देखती हैं कि कौन जाग रहा है। जो जाग रहा होता है, उसे वे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। इस साल शरद पूर्णिमा परसर्वार्थ सिद्दि, रवि, हर्षण योग व रेवती ओर अश्वनी नक्षत्र में चंद्रमा से अमृत वर्षा होगी।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि शरद पूर्णिमा इस साल बहुत उत्तम संयोग बन रहे है। शरद पूर्णिमा पर रेवती ओर अश्विनी नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्दि, रवि व हर्षण योग का संयोग बन रहा है!इस दिन रात में गाय के दूध की खीर बनाकर अर्द्ध रात्रि को भगवान को भोग लगाकर खीर को चांदनी रात में रखा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृत प्राप्त होता है। आधी रात में चंद्रमा को भी अर्घ्य देना चाहिए। पूर्णिमा की चांदनी औषधि गुणों से युक्त होती है। इसमें रखी खीर का सेवन करने से चंद्र ग्रह संबंधी दोष जैसे कफ सर्दी छाती के रोग, मानसिक कष्ट या डिप्रेशन की समस्या और हार्मोनल संबंधी बीमारी में लाभकारी है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने रास लीला की थी, इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

बांधा मंदिर में शरद महोत्सव

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 25 अक्टूबर रविवार को शरद महोत्सव आयोजित होगा । सायं 6बजे स्थानीय बालक बालिकाओं द्वारा पवित्र गोप-गोपिका के भाव से नृत्य महाआरती तथा अत्यंत मनभावक गरबा नृत्य होंगे । सायं 7 बजे भगवान श्री राधा कृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती होगी । शरद पूर्णिमा के संबंध की पौराणिक गाथा अनुसार इस रात्रि में भगवान श्री कृष्ण जी ने जगत को आनंदित करने हेतु श्री राधा रानी जू एवं गोपियों के साथ परम महारास रचाया था तथा प्रकृति ने अमृत वर्षा की थी । ऐसे ही अप्रतिम वातावरण में बांधा मंदिर में भगवान के महारास के दर्शन के साथ अमृतरूपी खीर प्रसाद का वितरण होगा ।

श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के पंडित रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी ,कृष्णकांत पांडे ,राघवेंद्र दुबे ,ओमप्रकाश दुबे, द्वारका मिश्रा आदि ने समस्त श्रद्धालु जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है ।



नवाचार करके आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड कटनी के सेक्टर कन्हवारा में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आनंद विभाग के पूर्व डीपीएल अनिल कांबले, ग्राम पंचायत के उप सरपंच कमलेश चौधरी, नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी उपस्थित रहे।

आनंद विभाग के पूर्व डीपीएल अनिल कांबले के द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को सदैव आनंदित रखने वाली प्रेरणादाई गतिविधियों के माध्यम से अपने-अपने ग्रामों में सक्रियता से काम करने हेतु प्रेरित किया गया। समितियों में नए सक्रिय सदस्य बनाकर उनके माध्यम से ग्राम विकास के काम करने, ग्राम में नए-नए आयोजनों के माध्यम से अपनी पहचान बनाने सहित दस्तावेजीकरण आदि की विस्तार से जानकारी दी।

नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने-अपने गांव में नवाचार करते हुए आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। विषय विशेषज्ञ के रूप में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय और श्रीमती रूपा बर्मन ने संवाद कौशल आवश्यकता एवं तकनीक के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया साथ ही रोल प्ले के माध्यम से संवाद की कला को प्रदर्शित किया, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था के द्वारा सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

जैविक खेती के साथ स्व रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के बताये तरीके

विद्यार्थियों को केंचुआ खाद एवं वर्मीवाश निर्माण का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत शासकीय आरके गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी में जैविक कृषि पर तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्राचार्य श्री संघ रत्नभे लावेके के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को केंचुआ खाद एवं वर्मीवाश निर्माण की विधि समझाई और जैविक खेती के महत्व की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान श्री दुबे ने बताया कि गांवों में उपलब्ध गोबर, फसल अवशेष, पत्तियां, डंठल, खरपतवार एवं अन्य जैविक कचरे का उपयोग कर कम लागत में केंचुआ खाद तैयार की जा सकती है। इसके लिए जैविक अपशिष्ट को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उसमें लगभग एक सप्ताह तक पानी डालकर नमी बनाए रखी जाती है, ताकि कचरा ठंडा हो जाए। इसके बाद इसमें आइसीनिया फेटिडा प्रजाति के केंचुए डाले जाते हैं, जो लगभग 30 से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार कर देते हैं।

उन्होंने बताया कि सामान्यतः प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद की आवश्यकता होती है। इसके उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, जलधारण क्षमता में वृद्धि और पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलती है। इससे फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप कम करने तथा फल, सब्जियों और अनाज की गुणवत्ता सुधारने में भी सहायता मिल सकती है। केंचुआ खाद मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम सहित अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने में सहायक होती है।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को केंचुआ पालन एवं केंचुआ खाद निर्माण के माध्यम से वार्षिक आय अर्जित करने तथा विभिन्न फसलों में इसके उपयोग की विधियों की जानकारी दी गई। साथ ही वर्मीवाश तैयार करने की तकनीक भी समझाई गई। विशेषज्ञ ने बताया कि वर्मीवाश का उपयोग पौधों की वृद्धि तथा फूल एवं फल के विकास में सहायक जैविक घोल के रूप में किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को जैविक संसाधनों का सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और कम लागत में कृषि आधारित स्वरोजगार शुरू करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा तय करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी आयोजन एवं जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और शुद्ध मतदाता सूची के महत्व को जनता के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों का तथ्यों के साथ जवाब देते हुए पार्टी का पक्ष जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद स्थापित कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। बैठक में अभियान के अंतर्गत पदयात्रा, पत्रकार वार्ता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ संगोष्ठी एवं महाविद्यालयों में युवा संवाद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई, साथ ही कार्यक्रमों के व्यवस्थित संचालन, कार्यकर्ताओं के दायित्व निर्धारण एवं संगठनात्मक समन्वय को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने ग्राम पंचायतों में कार्यालयों के नियमित संचालन, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा शासकीय अभिलेखों और सामग्री के रखरखाव को लेकर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के दौरान क्षेत्रीय भ्रमण में सामने आई अनियमितताओं के बाद विभाग ने पंचायतों की कार्यप्रणाली दुरुस्त करने पर जोर दिया है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने निर्देशों का अक्षरशः पालन करने सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि निर्देशों की अवहेलना एवं लापरवाही पाए जाने पर दोषी लोक सेवकों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

पंचायत भवन उपलब्ध होने पर निर्धारित कार्यालयीन समय में कार्यालय खोलना अनिवार्य होगा। पंचायत भवन नहीं होने अथवा भवन के जीर्णशीर्ण या अपर्याप्त होने पर शासकीय सामुदायिक या बहुउद्देशीय भवन से कार्यालय संचालित किया जाएगा। किसी भी स्थिति में सरपंच, पंचायत सचिव या ग्राम रोजगार सहायक के निजी निवास से पंचायत कार्यालय संचालित नहीं किया जाएगा। शासकीय सामग्री का रखरखावः पंचायत के अभिलेख, फर्नीचर, टीवी, कंप्यूटर और अन्य सामग्री को व्यवस्थित रूप से पंचायत भवन में रखा जाएगा। खंड पंचायत अधिकारी (BPO) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा पंचायतों का औचक निरीक्षण कर कार्यालय संचालन और सामग्री का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

कर्मचारियों को किया सचेत

बिना सूचना या अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा कार्यालय संचालन में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और ग्राम पंचायतों में निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम तेवरी में प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन

जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति समितियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तेवरी में नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति, तेवरी के तत्वावधान में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय बनाना, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना तथा ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य कमलेश कुमार जैन,सरपंच अमोच नरेश कुमार दाहयत द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण, एनजीओ पंजीयन प्रक्रिया, एमपीजअफ एप के उपयोग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के विषय में मार्गदर्शन दिया।

परामर्शदाता विनोद सिंह ने संवाद कौशल एवं प्रभावी संचार तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क और बेहतर संवाद के माध्यम से सामाजिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण में स्वामित्व योजना, नल-जल योजना, बकरी पालन, मत्स्य पालन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं आजीविका संवर्धन संबंधी विषयों पर भी जानकारी साझा की गई। सरपंच नरेश कुमार दाहयत ने ग्रामीण विकास में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समितियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी रविन्द्र नाथ झारिया ने संस्था एवं समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।प्रशिक्षण के दौरान आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत जल संरक्षण, जनजागरूकता शिविरों के आयोजन तथा ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।

निगमायुक्त ने कहा नागरिक सुविधाओं में लाएं सुधार

निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी, सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं और स्वच्छता सहित मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो। शुक्रवार को क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों को ये निर्देश देते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

निगमायुक्त ने विवेकानंद वार्ड स्थित लखेरा खेरमाई मंदिर प्रांगण में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित उपयंत्री से वर्क ऑर्डर और कार्य पूर्णता की निर्धारित तिथि की जानकारी लेते हुए निर्माण में देरी पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, भविष्य में निर्मित होने वाले सभी नवीन सामुदायिक भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीवर कार्य पूर्ण, शीघ्र कराए मार्ग का डामरीकरण

लखेरा मार्ग के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सीवर लाइन विस्तार कार्य की स्थिति की समीक्षा की। संबंधित उपयंत्री ने बताया कि मुख्य मार्ग पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इस पर निगमायुक्त ने सहायक यंत्री अनिल जायसवाल को नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर शीघ्र डामरीकरण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन सुगम हो सके।

खेरमाई मंदिर प्रांगण स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 135 और योग भवन का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने बच्चों के बैठने सहित उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आंगनबाड़ी कक्ष छोटा होने और बच्चों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने केंद्र का संचालन योग भवन में व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर और आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आसपास की रिक्त भूमि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के अगले चरण में निगमायुक्त ने वेस्टलैंड के पास स्थित सुलभ शौचालय और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 138 की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश देते हुए उन्होंने केंद्र और शौचालय के बाहर सार्वजनिक मार्ग पर गंदगी मिलने पर क्षेत्रीय वार्ड दरोगा के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल पर्याप्त साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। क्षेत्र में हैंडपंप के पास जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को सोक पिट का निर्माण कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान निगमायुक्त ने वार्ड के कचरा संग्रहण वाहन को रोककर सुपरवाइजर से वार्ड में किए जा रहे संग्रहण कार्य एवं वाहन में एकत्रित कचरे को प्लांट भेजने की टाइमिंग की भी जानकारी ली।

सरकारी जमीन में उपले पाथने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बाकल थाना अंतर्गत ग्राम चांदनखेड़ा में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। झड़प में दोनों पक्षों से लाठी-डंडे और गाली-गलौज की नौबत आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चांदनखेड़ा में पिछले कुछ समय से जमीन के उपयोग को लेकर तनाव चल रहा था। 22 अक्टूबर 2026 की रात लगभग 10:00 बजे यह विवाद तब बढ़ गया जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद का मुख्य कारण गांव की सरकारी जमीन पर कंडा पाथना (उपले थापना) बताया जा रहा है। इसी बात पर उपजे आक्रोश के बाद दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का दौर शुरू हो गया।

दोनो पक्षों ने की शिकायत

घटना को लेकर पहले पक्ष के होरीलाल कुम्हार 62 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। होरीलाल की शिकायत पर पुलिस ने प्रीतम, सीतम, भालू, सुन्नी, संतोष और ललिता कुम्हार (सभी निवासी ग्राम चांदनखेड़ा) के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। इसी तरह दूसरे पक्ष से सीतम कुम्हार 42 वर्ष ने भी थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। सीतम की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के होरीलाल, भंगी, मारू, सत्तू और ममता बाई के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज किया है। शिकायत पर भी पुलिस ने समान धाराओं के तहत अपराध कायम किया है।

मरने वालों में भाजपा पार्षद, क्लीनिक संचालक शामिल

शराब सेवन के बाद दो लोगों की मौत जहरीला पदार्थ मिले होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ में शराब सेवन के बाद दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों की पहचान भाजपा पार्षद रामखिलावन जांगड़े और निजी क्लिनिक संचालक जोहितराम खरे के रूप में हुई है। दोनों की शराब पीने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें उपचार के लिए बिलासपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शराब में जहरीले पदार्थ की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत की वास्तविक वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।



अचानक तबीयत बिगड़ी, सांस लेने में हुई तकलीफ

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर शाम भाजपा पार्षद रामखिलावन जांगड़े अपने तीन साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान रामखिलावन जांगड़े और जोहितराम खरे की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

सिम्स और अपोलो अस्पताल में कराया थी भर्ती

दोनों को सांस लेने में परेशानी होने लगी, जिसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। रामखिलावन जांगड़े को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल और जोहितराम खरे को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित रखकर जांच कराए जाने की जानकारी सामने आई है।

शराब पीते वक्त मौजूद साथियों की पुलिस को तलाश

पुलिस के अनुसार, दोनों मृतकों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ देशी शराब का सेवन किया था। शराब पीने के बाद घर पहुंचने पर दोनों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शराब सेवन के दौरान मौजूद दोनों अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। उनसे पूछताछ के जरिए घटना से जुड़ी जानकारी जुटाने का प्रयास किया जाएगा।

बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज का वार्षिकोत्सव

मां रणेश्वर रामचंडी के दर्शन करने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महासमुंद जिले के बसना विकासखंड पहुंचे। वे ग्राम गढ़फुलझर में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन था।

सीएम ने गढ़फुलझर स्थित रामचंडी मंदिर का दौरा किया। वे मां रणेश्वर रामचंडी के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेश की निरंतर प्रगति के लिए भी विशेष प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति इस अवसर पर कई प्रमुख नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 : सेमीकंडक्टर समिट से मप्र को मिली बड़ी सौगात

5,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त 10 हजार से अधिक रोजगार होंगे सृजित

- सीएम ने किया दो दिनी मप्र सेमीकंडक्टर समिट 2026 का शुभारंभ
- मुख्यमंत्री ने 12 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ की वन-टू-वन बैठक
- मप्र को देश का प्रमुख सेमीकंडक्टर एवं तकनीकी केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- ढाई वर्ष में 25 से अधिक नीतियां बनाकर निवेश और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं के खोले द्वार
- जीआईएस के 30 प्रतिशत से अधिक निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 के माध्यम से प्रदेश में लगभग 5 हजार 800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनसे 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

समिट में एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों और जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान एवं स्वीडन के प्रतिनिधिमंडलों की सहभागिता प्रदेश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक रुचि को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दो दिवसीय समिट में 8 पैनल चर्चाएं, 5 राउंडटेबल और 6 की-नोट उद्बोधन आयोजित किए जा रहे हैं। समिट में मप्र सेमीकंडक्टर नीति-2026 पर हितधारक चर्चा और एमपी सेमीकॉन स्टार्टअप चैलेंज भी आयोजित किया जा रहा है।



मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

निवेश एवं औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग प्रतिनिधियों को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में सहभागिता के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मप्र में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश एवं औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों से प्रदेश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उद्योग जगत और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से मप्र के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने की प्रमुख घोषणाएं

- सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना- प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से चिप डिजाइन, वीएलएसआई, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, प्रोटोटाइपिंग तथा कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।
- फोटोनिक्स एवं क्वांटम टेक्नोलॉजीज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस- प्रदेश में फोटोनिक्स एवं क्वांटम टेक्नोलॉजीज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इससे क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन, फोटोनिक्स, एडवांस्ड मटेरियल्स और डीप-टेक अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी।
- इंदौर- उज्जैन इकोनॉमिक कॉरिडोर में हाई-टेक उद्योगों को प्राथमिकता- कॉरिडोर के विकास में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, एडवांस्ड पैकेजिंग, चिप डिजाइन एवं हाई-टेक उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

25 से अधिक नीतियां बनाकर विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने ढाई वर्ष में 25 से अधिक नीतियां बनाकर निवेश और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। पारदर्शी, सरल और स्पष्ट नीतियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सहित विभिन्न प्रयासों से प्रदेश में लगभग 34 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 30 प्रतिशत से अधिक निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरे हैं। प्रदेश सरकार निवेश प्रस्तावों को वास्तविक परियोजनाओं में बदलने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

नीतियों और त्वरित निर्णय प्रक्रिया से उद्योग जगत का विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र निवेशकों का स्वागत करने और उन्हें साथ लेकर चलने वाला राज्य है। निवेश अनुकूल नीतियों और त्वरित निर्णय प्रक्रिया से उद्योग जगत का विश्वास बढ़ा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि निवेश संबंधी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो और समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में फाइलों के स्थान पर फैसलों, संभावनाओं के स्थान पर परियोजनाओं और समस्याओं के स्थान पर समाधानों को प्राथमिकता दी जा रही है। एक बार जो मप्र आता है, वह हमेशा के लिए मप्र का हो जाता है।

राज्यों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कभी असंभव लगने वाले विषय आज वास्तविकता बन रहे हैं। सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ने के लिए राज्यों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध है। मप्र देश के साथ कदम मिलाकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोविड काल में सेमीकंडक्टर चिप की कमी से वैश्विक स्तर पर विकास गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। इससे इस क्षेत्र की आर्थिक और सामरिक महत्ता स्पष्ट हुई है।

फार्मा, टैक्सटाइल, रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रगति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र कृषि के साथ उद्योग, तकनीक और विनिर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्वालियर में टेलीकॉम विनिर्माण क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। फार्मा, टेक्सटाइल और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी प्रदेश महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता लगभग 5 हजार मेगावाट से बढ़कर 32 हजार मेगावाट हो गई है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मप्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समिट में चिप डिजाइन, एडवांस्ड पैकेजिंग, टेस्टिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। प्रदेश में प्रतिभाशाली मानव संसाधन और मजबूत जनसांख्यिकीय क्षमता उपलब्ध है। सरकार उद्योग जगत के साथ साझेदारी कर इन संभावनाओं को वास्तविक परियोजनाओं में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनूपपुर में जिला बैठक को किया संबोधित

कांग्रेस की नीतियों और राजनीति को जनता के सामने उजागर करेंगे कार्यकर्ता : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने शुक्रवार को अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने कहा कि कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक तौर-तरीकों से देश को नुकसान पहुंचाया है और आज आंदोलनों की आड़ लेकर देश में अराजकता की नींव रखने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करना और देश के माहौल को खराब करना कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और उसकी अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी।

कांग्रेस की राजनीति से देश को हुआ नुकसान

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रारंभ से ही जिस राजनीतिक मॉडल पर काम किया, उससे देश को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस की नीतियों ने समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव को बढ़ावा दिया, जबकि भाजपा ने समय-समय पर आंदोलनों और जनजागरण के माध्यम से बेहतर व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया। आज कांग्रेस चुनावी पराजय के बाद ईवीएम पर सवाल उठाती है और लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रहार करती है। की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और उसकी अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने की जन्मदिन पर पेन-किताबें लाने की अपील

भोपाल। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल ने अपने जन्मदिन पर नई पहल करते हुए फूल-मालाओं के बजाय पेन-किताबें लाने की अपील की है। 25 अक्टूबर को जन्मदिन पर मिलने वाली शैक्षणिक सामग्री जरूरतमंद बच्चों को वितरित की जाएगी। डॉ. बघेल ने मित्रों और शुभचिंतकों से फ्लेक्स-होर्डिंग व अनावश्यक खर्च से बचकर बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सच्ची सेवा है।

- **जरूरतमंद बच्चों को बांटी जाएगी शैक्षणिक सामग्री**

संवैधानिक संस्थाओं पर अराजक हमलों के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन आज

भोपाल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भोपाल महानगर द्वारा देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हो रहे अराजक हमलों के विरोध में 24 अक्टूबर को अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ के आह्वान के साथ व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अभाविप द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन का उद्देश्य संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं की रक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। अभाविप का मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है।

उमड़ पड़ा लोगों का हुजूम, दोनों सुरक्षित

स्कूटी में अचानक लगी भीषण आग, गाड़ी पर सवार भाई-बहन ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के भिलाईबाजार क्षेत्र में एक चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। स्कूटी पर सवार कटकीडबरी निवासी पीयूष कंवर और उनकी बहन ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई। यह हादसा भिलाईबाजार तालाब के पास उस समय हुआ जब दोनों कुसमुंडा से वापस अपने घर लौट रहे थे। सही समय पर वाहन से नीचे कूद जाने के कारण दोनों हादसे में सुरक्षित बच गए और एक बड़ी अनहोनी टल गई। घटना का वीडियो वायरल



जानकारी के अनुसार, कुसमुंडा से घर लौटते समय भिलाईबाजार तालाब के पास पहुंचते ही स्कूटी से अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते धुआं बढ़ा और वाहन में आग भड़क उठी। स्कूटी में आग लगते ही उस पर सवार भाई-बहन घबरा गए। उन्होंने तुरंत वाहन रोकने की कोशिश की और किसी तरह उससे नीचे कूद गए। दोनों के सुरक्षित हटते ही आग ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते वाहन जलकर पूरी तरह खाक हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पहले भी हो चुकीं ऐसी घटनाएं

कोरबा जिले में इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले कटघोरा कॉलेज के पास भी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लगने का मामला सामने आया था। उस दौरान भी स्कूटी पर सवार पूरा परिवार बाल-बाल बचा था। भिलाईबाजार की घटना में आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

हवाई यात्रियों के लिए नया विंटर शेड्यूल आज से लागू

रायपुर। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले हवाई यात्रियों के लिए नया विंटर शेड्यूल आज से लागू होने जा रहा है। इसमें सबसे प्रमुख बदलाव रायपुर से दिल्ली जाने वाली सुबह की पहली उड़ान के समय में हुआ है। अब दिल्ली के लिए सुबह की पहली फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह 8:25 बजे के बजाय 30 मिनट पहले यानी सुबह 7:55 बजे उड़ान भरेगी। इस समय-सारिणी के लागू होने से हवाई यात्रियों को समय पर हवाई अड्डे पहुंचने के लिए अपनी यात्रा की योजना में आवश्यक बदलाव करना होगा। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा जारी नए विंटर शेड्यूल में एयर इंडिया की रायपुर और दिल्ली के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की कुल संख्या में कोई कटौती नहीं की गई है। दोनों प्रमुख शहरों के मध्य पहले की तरह ही एयर इंडिया की तीन उड़ानों का संचालन जारी रहेगा। हालांकि, सुबह की पहली उड़ान के प्रस्थान समय को आधा घंटा पहले निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही दिल्ली से रायपुर आने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। दिल्ली से रायपुर आने वाली दोपहर की उड़ान को पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। यह विमान दिल्ली से सुबह 11:10 बजे प्रस्थान करेगा और दोपहर 12:55 बजे रायपुर पहुंचेगा।

सफेद परिधान में शांति और सद्भावना के दूत बने 400 से अधिक रोटरी सदस्य

विश्व पोलियो दिवस पर निकली जागरूकता रैली 12 रोटरी क्लबों के साथ 150 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग



जबलपुर। पोलियो मुक्त विश्व और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार, 24 अक्टूबर को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के तत्वावधान में जबलपुर में विशाल पोलियो जागरूकता रैली आयोजित की गई। राइट टाउन स्टेडियम के सामने से प्रारंभ होकर मालवीय चौक पर संपन्न हुई इस रैली में 400 से अधिक रोटरी सदस्य सफेद परिधान में शामिल हुए और शांति एवं सद्भावना के दूत बनकर सेवा, एकता तथा स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया।अभियान का उद्देश्य पोलियो उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, नियमित टीकाकरण के महत्व को रेखांकित करना और बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के लिए सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।अभियान के *डिस्ट्रिक्ट पोलियो चेयरमैन रोटे भरत डागा* के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी, मध्य प्रदेश *रोटे नितिन जैन* ने पोलियो उन्मूलन के लिए निरंतर जन-जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।इस अभियान के विशेष सहयोगी पूर्व प्रांतपाल *रोटे विवेक तन्खा, सांसद (राज्यसभा)* रहे। कार्यक्रम के इवेंट चेयरमैन पूर्व प्रांतपाल *रोटे सुनील फाटक, इवेंट को-चेयर **रोटे एन.के. श्रीवास्तव* तथा इवेंट कोऑर्डिनेटर *रोटे अंकुर माहेश्वरी* हैं।रैली में असिस्टेंट गवर्नर रोटे *रवि वैश्य, राकेश नेमा, डॉ. शोभित वर्मा, अनिल दुबे एवं शिखा पौराणिक* सहित जबलपुर के सभी 12 रोटरी क्लबों के सदस्यों ने सहभागिता की। इसके साथ ही *सक्षम महाकौशल प्रांत, विशुद्ध हेल्थकेयर फाउंडेशन तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स* के प्रतिनिधि भी अभियान का हिस्सा बने। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के निदेशक *विजय तिवारी* के नेतृत्व में स्काउट-गाइड के बच्चों ने रैली में भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों के *150 से अधिक छात्र-छात्राओं* की सहभागिता ने अभियान को व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया।रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पोलियो मुक्त विश्व का लक्ष्य हासिल करने के लिए नियमित टीकाकरण, निरंतर जागरूकता और समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। आयोजकों ने सभी सहभागी संस्थाओं, रोटरी सदस्यों, विद्यार्थियों एवं स्काउट-गाइड के प्रति आभार व्यक्त किया।

6976 शिविरों में 3 लाख 3 हजार 400 शिकायतों का मौके पर निराकरण

भोपाल। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का उनके घर के नजदीक त्वरित समाधान उपलब्ध कराने तथा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से संचालित संपर्क अभियान 2026 को उल्लेखनीय सफलता मिली है। 14 मई से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान के तहत भोपाल एवं ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में अब तक 6,976 विशेष शिविरआयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 3लाख 3 हजार400 उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

पन्ना तक रेल पहुंचना बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

पन्ना तक रेल पहुंचने पर सांसद शर्मा ने जताया आभार

कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण की मांग पन्ना-खजुराहो को रेलमार्ग से जोड़ने पर भी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

खजुराहो सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संकुल प्रकोष्ठ के संयोजक विष्णु दत्त शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न रेल परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पन्ना जिले तक रेल पहुंचने को बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर को पन्ना जिले तक रेल पहुंचने जा रही है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार पन्ना को रेल सुविधा मिलने जा रही है, जो जिले के साथ पूरे बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस सौगात के लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद पत्र सौंपा।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पन्ना तक रेल पहुंचने पर आभार व्यक्त करते हुए सांसद विष्णु दत्त शर्मा।

कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण की मांग

मुलाकात के दौरान सांसद ने कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण कराने का आग्रह किया। उन्होंने पन्ना और खजुराहो को जल्द से जल्द रेलमार्ग से जोड़ने तथा संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार से जुड़े विषयों पर भी रेल मंत्री से चर्चा की। उनका कहना था कि बेहतर रेल संपर्क से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और आम नागरिकों को आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव का आग्रह

सांसद ने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण खजुराहो-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव की मांग भी रेल मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने पत्र सौंपकर आग्रह किया कि ट्रेन खजुराहो से सुबह रवाना होकर दोपहर में वाराणसी पहुंचे और वाराणसी से दोपहर में प्रस्थान कर रात तक खजुराहो लौटे।